## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाबालिग लड़की लापता , गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (आरएनएस)।** नाबालिग लड़की के लापता हो जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई निवासी पीड़ित 43 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी की बेटी 17 साल 5 माह 17 दिन 14 अप्रैल को 09 बजे घर से बिना बताए कही चली गई है। आस-पास पता तलाश करने पर नही मिली। पीड़ित ने संदेह जतायी है कि किसी ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर अपहरण कर लिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद (आरएनएस)।** भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम पतेराली निवासी रिखराम कश्यप पिता साधराम (45) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है । पुलिस के अनुसार मृतक के मरने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। उसने शुक्रवार सुबह पांच बजे खेत में ही फांसी लगा ली थी । पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था ।

### नक्सली कैंप छोड़ कर भागे, नक्सल सामग्री बरामद

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** किरंदुल थाना क्षेत्र के टिकन पाल गच्चा पारा के पहाड़ी में मलांगेर एरिया कमेटी के सचिव सोमडू, एसीएम कमलेश संतोष मुकेश, लकखे व अन्य लगभग 10-12 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा की संयुक्त पार्टी को रवाना किया गया था। पुलिस पार्टी को आता देख नक्सली कैंप छोड़ कर भागने में सफल हो गए। बाद में आस पास सर्च करने पर नक्सली कैंप से 07 नग पिट्ठू नक्सली साहित्य कॉपी, खाना बनाने के बर्तन 02 नग, टॉर्च, दर्पण, ब्रश, टूथपेस्ट, साबुन, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद हुई।

### बलात्कार का आरोपी जवान गिरफ्तार, पांच साल से विधवा महिला का कर रहा था शारीरिक शोषण

**कांकेर (आरएनएस)।** शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार के आरोपी सीआरपीएफ के जवान को दुर्गुकोंदल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गढ़चिरोली महाराष्ट्र में सीआरपीएफ में पदस्थ जवान बलराम जैन गांव की 2 बच्चो की माँ विधवा महिला से शादी करने का झांसा देकर 2016 से दैहिक शोषण करते आ रहा था। शादी करने का दबाव बनाने पर उक्त महिला को जान से मारने की धमकी देता था। महिला ने अंततः तंग आकर 2 माह पूर्व दुर्गुकोंदल थाने में मामला दर्ज करवाया, जिसके बाद से लगातार आरोपी जवान की तलाश में जुटी पुलिस ने आज राजनांदगांव के मानपुर से आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया है।

### अकलतरा आईटीआई भवन के कोविड केयर सेंटर में 3 पालियों में लगी ड्यूटी

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा कोविड केयर सेंटर में कोरोना संक्रमित मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने और उनकी सतत निगरानी के लिए चिकित्सा स्टाफ की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देश पर कोविड संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए अकलतरा के शासकीय आईटीआई भवन को कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। यहां भर्ती मरीजों के समुचित उपचार के लिए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स और सफाई कर्मचारियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।

# ओडिशा पुलिस से बेहतर को-ऑर्डिनेशन के लिए बॉर्डर चेक पोस्ट पर बरगढ़ पुलिस से मिले एसपी

## सरिया, बरमकेला, डोंगरीपाली क्षेत्र का निरीक्षण, स्टॉफ को संक्रमण से बचाव के उपाय कर डटे रहने का निर्देश

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह आज दिनांक 18.04.2021 को सुबह पुसौर थाना क्षेत्र का भ्रमण करते हुए थाना सरिया पहुंचे, जहां डीएसपी गरिमा द्विवेदी, थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक डी.के. मार्कण्डे के साथ सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर बेरियर, ओडिया सीमा पर बने रूचिदा बेरियर, बोरिदा पुल पर बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किये।

ओडिशा पुलिस से बेहतर तालमेल के लिए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा एसपी बरगढ़ से चर्चा किए जिनके द्वारा संभवत आज से बरगढ़ सहित ओडिशा के अन्य जिलों में कंप्लीट लॉकडाउन लगना बताया गया। वर्तमान में ओडिसा में नाईट कर्फ्यू लगाई जा रही है। कंप्लीट लॉक डाउन होने से ओडिसा से आवाजाही बॉर्डर पर कम हो जायेगी। रुचिदा बॉर्डर पर जिला बरगढ़, थाना




अम्बाभौना का स्टाफ तैनात था। एसपी रायगढ़ द्वारा अम्बाभौना स्टॉफ को सरिया, बरमकेला, डोंगरीपाली थाना प्रभारियों से निरंतर संपर्क में रहने तथा दोनों जिलों की पुलिस आपस में बेहतर तालमेल कर अनावश्यक आवाजाही कर रहे वाहनों को निषेधित करने का कार्य करना बताए। कंचनपुर बैरियर में आबकारी, राजस्व तथा सरिया पुलिस के स्टाफ को आवश्यक सेवाओं में लगी ट्रांसपोर्ट की वाहनों में तथा निजी वाहनों में चालकों के पास ई-पास देखने के बाद ही प्रवेश देने के निर्देश दिए। कंचनपुर बैरियर चेक के बाद




पुलिस अधीक्षक बोरिदा पुल पर बने चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए थाना बरमकेला अंतर्गत बड़े नवापारा बेरियर का निरीक्षण किये। उसके बाद थाना डोंगरीपाली अंतर्गत छत्तीसगढ़-उड़ीसा बॉर्डर पर बने महत्वपूर्ण बिरनीपाली बेरियर जाकर व्यवस्था देखें, जहां ड्यूटी में तैनात स्टाफ को किसी भी समय बैरियर को नहीं छोड़ने का निर्देश दिए। डोंगरीपाली बैरियर चेक करने के बाद थाना डोंगरीपाली में स्टाफ को लॉकडाउन ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशित कर थाना बरमकेला पहुंचे। थाना बरमकेला में स्टाफ को लॉकडाउन ड्यूटी दौरान स्वयं की सावधानी को विशेष ध्यान देना बताएं। वे बताये कि जिला पुलिस द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम में पुलिसकर्मियों एवं पुलिस परिवारजनों के लिए ÷कोविड रक्षा सेल÷ बनाया गया है। ड्यूटी दौरान पुलिसकर्मी के संक्रमित होने पर अथवा उनके परिजनों के कोविड-19 लक्षण देखे जाने पर जिला पुलिस टेस्टिंग, वैक्सीनेशन, ईलाज की व्यवस्था करेगी, किंतु ड्यूटी पर विशेष सावधानी बरतनी है जैसा कि संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा रहा है, पुलिसकर्मी भी इन नियमों का पालन कर सुरक्षित रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण दौरान प्रभारियों को उनके क्षेत्र में बिना मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग व संस्थानों के लॉकडाउन के उल्लंघन पर अधिक से अधिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# खुले मिले फर्नीचर, इलेक्ट्रीकल, किराना दुकान और मकान निर्माण करा रहे मुंशी पर हुई कार्रवाई

**रायगढ़ ।** रविवार को थाना बरमकेला, चक्रधरनगर एवं कोतरारोड़ में 04 व्यक्तियों पर लॉकडाउन के उल्लंघन कर बिना मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किए संस्थान के संचालन पर एफआईआर दर्ज किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक बरमकेला पुलिस को स्टेट बैंक के पास पप्पू इलेक्ट्रीकल दुकान का संचालक उमेश अग्रवाल अपने दुकान में स्वंय बिना मास्क के दुकानदारी कर करते मिला।

चक्रधरनगर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग दौरान सूचना पर बोईरदादर पहुंची, जहां अग्रवाल फर्नीचर संस्थान में कमल अग्रवाल द्वारा करीब 31 मजदूरों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराये बिना कार्य कराते मिला, कार्य करने वाले मजदूर संस्थान के पीछे दरवाजे से आना जाना करते मिले।

कोतरारोड़ पुलिस द्वारा उच्चभिटठी रोड़ किरोडीमलनगर में गुडस टाईम नामक किराना दुकान खोलकर कार्य संचालन कर रहे रूपेश साह पिता हरेन्द्र साह उम्र 18 वर्ष साकिन उच्चभिट्ठी रोड़ थाना कोतरारोड़ तथा फ्रेंडस कालोनी में मकान निर्माण करा रहे ठेकेदार के मुंशी शेख अख्तर अली पिता शेख असगर अली उम्र 35 वर्ष इंदिरा नगर पर नामजद एफआईआर धारा 269, 270 भादवि के तहत दर्ज किये गये हैं।

# पाइंट ड्यूटी पर तैनात जवान व महिला सैनिक की संवेदना

## तेज धूप में भटक रहे वृद्धजन को जलपान कराकर भिजवाये घर

**रायगढ़ ।** रविवार दोपहर चक्रधरनगर चौंक पर पाइंट ड्यूटी कर रहे आरक्षक प्रभात प्रधान और महिला नगर सैनिक अन्नु ठाकुर चक्रधरनगर की ओर से सायकल पर आ रहे बुजुर्ग व्यक्ति को रोके। परेशान दिख रहे बुजुर्ग व्यक्ति से आरक्षक ने सायकल लेकर बाहर आने का कारण पूछा तो उसे सुनने में परेशानी तथा दिमागी रूप से कमजोर होना लगा । भुखे-प्यासे दिख रहे वृद्ध को आरक्षक व महिला नगर सैनिक अपने पास रखे भोजन पैकेट खिलाये और बिस्किट पैकेट और खीरा दिये। थोड़ी देर बाद आरक्षक उसे घर जाकर आराम करो कहने पर वह सायकल चलाने में असमर्थ होना बताया। आरक्षक अपने परिचित रामा राव निवासी पंजरी प्लांट चक्रधरनगर को वृद्ध का फोटो व्हाटसअप किये तो





बुजुर्ग व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर होना तथा पंजरी प्लांट शमसान घाट के पीछे रहना बताया। आरक्षक, रामा राव को गाड़ी में उसे उसके घर तक छोड़ देने चौंक पर बुलाया, थोड़ी देर बाद रामा राव स्कुटी लेकर चक्रधरनगर चौंक आया और वृद्ध को साथ उसके घर पहुंचाने ले गया।

# राहत कार्यों में लगे पुलिस जवान, जरूरतमंदों का रख रहे ख्याल, बेवजह घूमने वालों पर कार्रवाई

### » बगैर परमीशन होम डिलीवरी, सब्जी उत्पादों की बिक्री करने वालों पर होगी कार्यवाही

**रायगढ़।** संक्रमण की चैन तोड़ने लगाये गये लॉकडाउन में जिला पुलिस के अधिकारी व जवानों द्वारा लगातार बेरियर, चौंक-चौराहो पर ड्यूटी के साथ गली, मोहल्लें में पेट्रोलिंग किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह मार्निंग वॉक तथा बेवजह बाहर निकलने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लॉकडाउन के उल्लंघन पर एफआईआर भी दर्ज किये जा रहे हैं। आज ही बरमकेला, चक्रधरनगर एवं कोतरारोड़ में 04 लोगों पर एफआईआर दर्ज किये गये हैं। नगर निगम, रायगढ़ द्वारा लॉकडाउन दौरान कन्टेमेंट जोन में खाद्य तथा आवश्यक वस्तुओं की होम डिलवरी के करने वालों



का वार्ड अनुसार आदेश जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा होम डिलीवरी करने वाली वाहन को ही आवाजाही हो यह सुनिश्चित करने प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही गांवों से सब्जी विक्रेय के नाम पर भारी संख्या में लोगों की शहर आवाजाही को लेकर प्रभारियों को गांव के कोटवारों के माध्यम से गांव में मुनादी कर सरपंचों को अधिकृत व्यक्ति ही सब्जी विक्रय करें, इस संबंध में समझाइश देने निर्देशित किया गया है।

लॉकडाउन के पालन कराने के साथ ही अधिकारी व जवान सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत जरूरतमंदों को पका हुआ भोजन व सूखा राशन की व्यवस्था कर रहे हैं, खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराने में थानाक्षेत्र के समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# गृह मंत्री ने राजधानी रायपुर के विभिन्न चौक-चौराहों का निरीक्षण



**रायपुर ।** गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज राजधानी रायपुर के विभिन्न चौक-चौराहों का निरीक्षण कर लॉकडाउन का जायजा लिया। उन्होंने चेकिंग पॉइंटों पर तैनात पुलिस जवानों से चर्चा की और लॉकडाउन की स्थिति में उनकी समस्या, छाया, पानी आदि के बारे में भी पूछताछ की। गृह मंत्री ने अतिआवश्यक कार्यों से आने जाने वाले लोगों से उचित करने तथा अनावश्यक रूप से लोग घरों से बाहर नहीं निकलें इस बात का समझाईस देने कहा ताकि कोरोना महामारी संक्रमण को रोका जा सके। गृह मंत्री साहू ने अपने सिविल लाइन स्थिति निवास से निकलकर गांधी उद्यान, शंकर नगर चौक, लोधिपारा, जय स्तंभ चौक होते हुए टाटीबंध चौक का निरिक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तारकेश्वर पटेल, यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# जांजगीर-चांपा जिले में अब-तक 19 हजार 627 कोविड मरीज हुए स्वस्थ

**जांजगीर-चांपा ।** जिले में कोरोना पाज़ीटिव मरीजों के इलाज की मुकम्मल ब्यवस्था के फलस्वरूप -19 हजार 627 मरीज स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं।

कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गनिर्देशन में जिला कोविड अस्पताल एवं 10 कोविड केयर और आइसोलेशन सेंटर्स में मरीजों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन, पेयजल और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गयी है। जिला अस्पताल सहित सभी कोविड केयर सेंटर्स में 24 घंटे तीन पालियों में चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था के लिए भी संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। बिना लक्षण वाले मरीजों को चिकित्सकों की निगरानी में होम आइसोलेशन की अनुमति दी गयी है। एवं अन्य मरीजों को जिला अस्पताल सहित कोविड केयर हास्पिटल में भर्ती कर समुचित उपचार किया जा रहा है। आवश्यकता वाले मरीजों के लिए आईसीयू एवं आक्सीजन युक्त बेड की व्यवस्था की गयी है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर के मार्गनिर्देशन में कोविड केयर सेंटर्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित पेट्रोलिंग की और सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

**19,627 मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ-** जिला स्वास्थ्य समिति जांजगीर-चांपा जिल कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर से 17 अप्रेल को जारी प्रेस नोट के अनुसार आरटीपीसीआर, ट्रुनाट, रैपिडएंटीजन, रैपिडआरटी किट के द्वारा कोरोना संक्रमण की जांच की गई है। जांच में अबतक 25 हजार 638 व्यक्ति को कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। समुचित उपचार से सक्रमित मरीजों में से 19 हजार 627 मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं।

# एयरपोर्ट के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्डों और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर बाहर से आने वाले यात्रियों की कड़ाई से टेस्टिंग हो: सीएम भूपेश

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश के 10 जिलों में कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति, उनकी रोकथाम के उपायों और मरीजों के इलाज के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों से एयरपोर्ट के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्डों और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर बाहर से आने वाले यात्रियों की कड़ाई से टेस्टिंग कर उन्हें आवश्यकतानुसार क्वारेंटाइन सेंटर, आइसोलेशन में रखने और अस्पताल भेजने की व्यवस्था के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की



रोकथाम के लिए चिकित्सा स्टॉफ सहित शासन-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी मेहनत के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि बाहर से आने वाले प्रवासी लोगों की चेकपाइंट पर टेस्टिंग कर संक्रमित लोगों को चिन्हाकित कर उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि इन लोगों से संक्रमण न फैलने पाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा संक्रमण के मामले आ रहे हैं, वहां गांवों में हर व्यक्ति की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर टेस्टिंग करने, उन्हे अलग रखने और उनकी मॉनीटरिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। क्वारेंटाइन और होम आइसोलेशन वालों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से सलाह देने की व्यवस्था की जाए। इसके लिए कंट्रोल रूम को सक्रिय किया जाए। उन्होंने लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि चौक-चौराहों में भीड़ एकत्रित न हो। सभी जिलों से लगने वाले अंतर्राज्यीय बार्डर सील किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हेल्थ वर्कर और फ्रंटलाइन वर्कर संक्रमण से बचने के लिए कोविड-19 की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें। साथ ही हेल्थ वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर और सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे नकारात्मकता का माहौल न बनने पाए, इसका विशेष ध्यान रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक संगठन, उद्योगपति और व्यापार जगत के लोग भी संकट के इस समय में प्रशासन के साथ सहयोग कर रहे हैं। हम लोग लगातार उनके संपर्क में हैं, कलेक्टर भी समय-समय पर विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद स्थापित करते रहें। यह भी ध्यान रखा जाए कि आम जनता की आवश्यक जरूरतों की पूर्ति में कोई व्यवधान न आने पाए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480